# नव भारत जागृति केन्द्र
# NAV BHARAT JAGRITI KENDRA

NBJK

*Putting the Last First.....*

सूचनापत्र | Newsletter

जनवरी – मार्च 2018 | www.nbjk.org | January - March, 2018


## गांवों के समावेशी विकास में सहायक एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना

अक्टूबर 2017 से नभाजाकेन्द्र द्वारा झारखण्ड और बिहार के 5–5 गांवों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामाजिक निगमित दायित्व अंतर्गत एसबीआइ फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना का शुभारम्भ किया गया है. इसके तहत झारखण्ड के देवघर जिला में देवघर सदर प्रखंड के अंधरीगादर पंचायत स्थित रमलडीह (68 परिवार), सहरी (22 प.), गादी (50 प.), नावाडीह (111 प.), बरसतिया (35 प.) गांवों में और बिहार के जमुई जिला में चकाई प्रखंड के रामचन्द्रडीह पंचायत स्थित छछूडीह (148 प.), गरही (188 प.), हेठचकाई (295 प.), पाटजोरी (210 प.), ममताडीह (118 प.) गांवों में समावेशी विकास के प्रयास प्रारम्भ हैं. इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण बच्चों–युवाओं, महिलाओं–पुरुषों हेतु शिक्षा, कौशल विकास, सहायक आजीविका, लाभप्रद खेती जैसे मुद्दों पर काम किया जा रहा है.

अन्धरीगादर पंचायत के गांवों में अब तक 15 महिला स्वमदद समूहों का गठन हुआ है, जिन्हें झा.रा.आ.प्रो.स. से जोड़ा गया है. महिलाएं जागरूक हुई हैं, इन्होंने बैंक जाकर खाता खोला है और समूह बैठकों का विवरण अब रजिस्टर में दर्ज होता है. हर गांव में रीमिडिअल कोचिंग केन्द्र खोले गए हैं, जो स्कूली बच्चों हेतु विज्ञान, गणित, अंग्रेजी विषयों में अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करते हैं. इन कोचिंग केन्द्रों की वजह से बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की पढ़ाई में नियमितता आयी है. केन्द्र संचालन का दायित्व स्थानीय शिक्षित नवयुवक को दिया गया है. स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चला है और खुले में शौच से मुक्ति, शौचालय निर्माण, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, मच्छर उत्पत्ति स्थलों के उचित प्रबंधन जैसे बिन्दुओं पर लोगों को जागरूक किया गया है. परियोजना टीम ने सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, पंचायती राज प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सरकारी/गैरसरकारी संस्थानों से संपर्क कर सहयोग लेने का प्रयास किया है. वृद्धा पेंशन, उज्ज्वला गैस, स्वच्छ भारत मिशन, दिव्यांगता पेंशन, राशन कार्ड के 31 संभावित लाभुकों की पहचान कर उन्हें जोड़ने की प्रक्रिया जारी है. युवा समूहों का गठन कर उन्हें ने.यु.के. से जोड़ा गया है और युवाओं ने अपना बैंक खाता खोला है. महिला–युवा समूहों को एसबीआइ–ग्रा.स्व.प्र.सं. की सहायता से कौशल विकास प्रशिक्षण और आजीविका से जोड़ा जाएगा. सामुदायिक सूचना केन्द्र स्थापित हो चुके हैं, जो शीघ्र ही पूरी तरह डिजिटल और लोगों की पहुँच में होंगे.

रामचन्द्रडीह पंचायत के गांवों में 20 निष्प्रभावी महिला स्वमदद समूहों का पुनर्गठन हुआ है, 4 नये समूह बने हैं और इन्हें बि.रा.आ.प्रो.स. से जोड़ा गया है. सभी गांवों में युवा, बाल, वृद्ध समूह बनाए गए हैं. विद्यालयों में बाल संसद और गांव में ग्राम सलाहकार समिति है. विद्यालयों में छीजन दर नियंत्रण हेतु गांव स्तर पर रीमिडिअल कोचिंग केन्द्रों की स्थापना हुई है, जहाँ विद्यालय समय के बाद बच्चों को अलग से पढ़ाया जाता है. स्कूली बच्चों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता/साबुन से हाथ धोने/स्वास्थ्य शिविर जैसे आयोजन हुए हैं और जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि ये गाँव अक्टूबर 2019 तक "खुले में शौच से मुक्त" हो जाएँ. सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया है. पं. स. सदस्यों के साथ बैठक कर उन्हें कार्यक्रम से अवगत कराते हुए सहयोग देने का आग्रह किया गया, जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है. परियोजना टीम द्वारा अधिकारियों के साथ मिलकर सरकारी योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रयास हुए हैं और पं. रा. प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों की 4 इन्टरफेस बैठकों में म.स्व. समूहों और किसानों ने शौचालय निर्माण और मिट्टी जांच की मांग किया है. 23 वृद्धजनों और 5 विधवाओं की पहचान कर उन्हें पेंशन से जोड़ने का प्रयास हुआ है. प्रत्येक गांव में सामुदायिक सूचना केन्द्र खोलने की प्रक्रिया शुरू है. गृह आधारित सर्वेक्षण से गांवों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति जानने में काफी मदद मिली है और प्रत्येक गांव से 20 व्यक्तियों का चयन हुआ है, जिन्हें जल्द ही एसबीआइ – ग्रा. स्व. प्र. संस्थान द्वारा विभिन्न ट्रेड्स में आजीविका प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. परियोजना टीम द्वारा जमुई के सांसद श्री चिराग पासवान से मिलकर आग्रह किया गया है कि अपने सांसद निधि से इन गांवों के विकास में मदद करें. आशा है कि झारखण्ड और बिहार के इन 10 पिछड़े गांवों में बेहतरी के लिए सबों का सहयोग मिलेगा.



## *SBI Gram Sewa* Project for Holistic Development in Villages

SBI Gram Sewa project has been launched in 10 villages of Jharkhand and Bihar as 05 villages in each state from October 2017. The program is supported by SBI Foundation, Mumbai under CSR initiative of State Bank of India and activities for holistic rural development are being carried out in the villages namely Ramaldih (68 HHs), Sahari (22 HHs), Gadi (50 HHs), Nawadih (111 HHs), Barsatiya (35 HHs) in Andhrigadar panchayat of Deoghar Sadar block of Deoghar district (Jharkhand) and Chhachudih (148 HHs), Garahi (188 HHs), Hethchakai (295 HHs), Patjori (210 HHs), Mamtadih (118 HHs) in Ramchandradih panchayat of Chakai block in Jamui district (Bihar). The program aims for integrated development through education, skill development, livelihood support, profitable agriculture for children, youths, women and farmers.

In the villages of Andhrigadar panchayat, 15 women SHGs have been formed and linked with JSLPS. This added to awareness, women went bank to open their accounts and maintain minutes book for group meeting. Remedial Coaching Centers have been started in all 5 villages and provide extra classes of Maths, Science, English & GK for school students. These RCCs are helpful for children, specially girl children. One local youth has been appointed as the teacher for each RCC. Health awareness campaign was initiated and people were sensitized over issues like ODF village, toilet construction, cleanliness at public places, proper management of mosquito breeding points etc. The project team contacted govt. officials, health workers, teachers, PRI members and GOs/NGOs to get support in concerned activities. 31 poential beneficiaries have been identified for govt. schemes like old aged/disability pension, PM Ujjwala, SBM, PDS and their linkage is under process. Youths are organized in groups, associated with NYK and opened their bank accounts. All women & youth groups will get skill development training and livelihood support by SBI-RSETI. Community Information Center is a component of this program and CIC has been established in all 5 villages. Soon these will be digital completely and will work within people's access.

In the villages of Ramchandradih panchayat, 20 defunct women SHGs revived, 4 new SHGs formed and all linked with BSLPS. Youth, children and senior citizens are organized in groups. There are Baal sansads in schools and village advisory committees in villages to support the program. RCCs have been started in all villages, where school children get extra classes to improve their academic performance. These are supposed to check high dropout rate of children. The activities like organizing health awareness campaign/hand washing/health camp were organized among school children and the Dist. Admin. aims to make these villages ODF by Oct' 19. There were collective cleanliness drives. During meeting with PRI members, they have been requested to support the program. The project team met govt. officials and called for smooth delivery of welfare schemes. There were 4 interface meetings between villagers & PRI members and people demanded for toilet construction for women as well as soil testing facility for farmers. 23 old aged persons and 5 widows have been identified for pension scheme and their linkage is in progress. Initiating CICs in each target village is under process. Home based survey has helped to know socio-economic status of villagers and 20 people from each village have been identified for vocational training by SBI-RSETI. The project team requested Mr. Chirag Paswan (MP from Jamui) to support SBI Gram Sewa with his MP fund. All stakeholders are supposed to support the program for betterment of these 10 villages of Jharkhand and Bihar hopefully.

## नभाजाकेन्द्र ने मनाया 69वां गणतन्त्र दिवस

**26 जनवरी, हजारीबागः** नभाजाकेन्द्र संयोजन कार्यालय में देश का 69वां गणतन्त्र दिवस पूरे सम्मान के साथ आयोजित किया गया और श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष) ने राष्ट्रीय ध्वज लहराकर उसे सलामी दी. इस अवसर पर इन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, प्रशिक्षुओं, ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए अपील किया कि सामाजिक भेदभाव की खाइयों को भरने का प्रयास करें. इन्होंने कहा कि अपने परिवार–समाज में समानता और शान्ति के लिए हमें शराब पर रोक लगानी होगी. श्री सतीश गिरिजा (मन्त्री) ने गणतन्त्र दिवस को देश में आशा अवसर बताते हुए कहा कि नभाजाके एक नए भारत की कल्पना करता है. इन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा, स्वमदद समूह, प्रजनन स्वास्थ्य, परिवार परामर्श केन्द्र जैसे कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण में सहायक हैं जबकि कौशल विकास प्रशिक्षण, आँख अस्पताल, दिव्यांग अधिकारिता जैसे कार्यक्रमों के साथ लोक समिति संगठन की मदद से काफी लोगों को सम्मान के साथ जीने का मौका मिला है. श्री प्रभुनाथ शर्मा (कोषाध्यक्ष) ने आज के दिन को संकल्प दिवस मानते हुए युवाओं से आग्रह किया कि अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं. जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी नभाजाके की सहभागिता रही और चुरचू प्रखण्ड में प्लान इंडिया के सहयोग से संचालित बाल केन्द्रित समुदाय विकास कार्यक्रम की ओर से आयी झांकी को प्रशंसा मिली. नभाजाके शाखा कार्यालयों और संस्था संचालित विद्यालयों में भी गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन हुआ था.




## NBJK Celebrates 69th Republic Day

26 January, Hazaribag: 69th Republic Day of the nation was observed gracefully at NBJK coordination office and Mr Girija Satish (President) has hoisted the national flag. He conveyed his best wishes to all staffs, trainees, community people on this occasion and appealed them to bridge the gap of social discriminations. He said that we must shun liquor to make our families more equal and violence free. Mr. Satish Girija (Secretary) mentioned the day as an opportunity to revive our national life and said that NBJK stands as an awakening centre to visualize new India. We work towards women empowerment through the programs of girls' education, SHGs, reproductive health, Family Counselling Centre while our interventions as skill development training for youths, eye care, rights of PwDs, Lok Samiti enabled a large number of people to live with dignity, he added. Mr. Prabhu Nath Sharma (Treasurer) called this as resolution day and asked youths to channelize their energy in right direction. Also a tableau upon activities of Child Centred Community Development program (with support of Plan India) at Churchu block by NBJK took part in Republic Day celebration by District administration. This was widely appreciated by the audience. The day was celebrated at all branch offices and schools run by NBJK.

## लखपति किसान स्मार्ट विलेज कार्यक्रम अंतर्गत महिला महाअधिवेशन

**09 फरवरी, खूंटीः** नभाजाकेन्द्र और सिनी–टाटा ट्रस्ट्स की संयुक्त मिशन परियोजना लखपति किसान स्मार्ट विलेज के अंतर्गत स्थानीय कुंजला मैदान में मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लि० द्वारा वार्षिक महिला महाअधिवेशन का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि, खूंटी उपायुक्त डॉ० मनीष रंजन ने इसका उद्घाटन किया और इनके साथ श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, नभाजाके), डॉ० रजनी सिंकू (जि.प. पदा.), श्री शिव शंकर (सलाहकार, मनरेगा रा. प्र.), सुश्री पल्लवी कुमारी (कार्य. सम. जेएसएलपीएस), श्रीमती दयामणि नाग (सचिव, एमएनएसकेपीसी लि०), प्रो० एस० के० सिंह (पूर्व डीन, बिकृविवि) भी उपस्थित थे. उपायुक्त ने ***लखपति किसान...*** परियोजना के तहत महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास सम्बन्धी प्रयासों की सराहना करते हुए सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला. इन्होंने उज्ज्वला योजना, गांवों में शौचालय निर्माण के बारे में जानकारी लेते हुए महिलाओं द्वारा संचालित इस उत्पादक कम्पनी को शुभकामनाएं दिया. श्री गिरिजा सतीश ने नभाजाके–सिनी द्वारा खूंटी के गांवों में समावेशी विकास हेतु महिलाओं के योगदान और परिणामों की चर्चा करते हुए इस व्यावसायिक कम्पनी का उदाहरण दिया. अन्य वक्ताओं द्वारा पशुपालन, मनरेगा और आजीविका संवर्धन के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गयी. इस अवसर पर जनजातीय महिलाओं द्वारा पारम्परिक लोकनृत्य/गीत और स्वच्छता सम्बन्धी नुक्कड़ नाटक का मंचन भी हुआ. महासम्मेलन में बिन्दा, बिछना, कुडापुरती, डिगदी, गुटूहातू समेत अनेक गांवों के 220 स्वमदद समूहों से लगभग 2000 महिलाएं शामिल हुई थीं. एमएनएसकेपीसी लि० से 2800 उत्पादक परिवार जुड़े हुए हैं, जो शूकर पालन, लाह उत्पादन और नगदी फसलों की खेती करते हैं. यह कम्पनी 3000 अतिरिक्त शेयरहोल्डर्स को अपने साथ जोड़ेगी और उत्पादन, मार्केटिंग, वित्तीय संस्थानों के साथ व्यवस्थागत रूप से जुड़ना इसका लक्ष्य है. विकास में महिलाओं की भागीदारी जैसे सन्देश के साथ सम्मेलन समाप्त हो गया.



## Women Convention under Lakhpati Kisan Smart Village

09 February, Khunti: Under the joint mission project of *Lakhpati Kisan Smart Village* by NBJK & CInI-Tata Trusts, Murhu Nari Shakti Kisan Producer Company Limited has organised an Annual Mega Women Convention at Kunjala Ground, Khunti. The program was inaugurated by Dr. Manish Ranjan (DC, Khunti) as the chief guest accompanied by Mr. Girija Satish (President, NBJK), Dr. Rajni Sinku (DAHO), Mr. Shiv Shankar (Consultant, MGNEREGA State Cell), Ms. Pallavi Kumari (JSLPS Prog. Co-ord.), Mrs. Dayamani Nag (Secretary, MNSKPC Ltd.) and Prof. S. K. Singh (Ex-Dean, BAU, Ranchi) jointly. The Dy. Commissioner applauded various efforts for women empowerment and rural development under *Lakhpati...* project and shared about Govt. schemes. Also he asked regarding progress of PM Ujjwala Yojna, toilet construction in villages and conveyed his best wishes for the producer company led by women. Mr. Girija Satish explained about NBJK-CInI's initiatve for inclusive development in Khunti through women oriented activities and their impact as formation of a company. A lot of relevant information upon animal husbandry, MGNEREGA and other livelihood options was provided by concerned people. The tribal women have presented folk songs, dance and theme based plays to promote sanitation. This convention was participated by about 2000 women members of 220 SHGs from many villages like Binda, Bichna, Kudapurti, Digdi, Gutuhatu etc. There are 2800 producer families under umbrella of MNSKPC Limited who rear pigs, produce lac and cultivate cash crops. The company will include additional 3000 shareholders and aims to be associated with production, marketing and financial institutions more systematically. .

## केन्द्रीय मन्त्री आए लोकनायक जयप्रकाश आँख अस्पताल में

**27 फरवरी, बहेरा (चौपारण):** हजारीबाग से लोक सभा सदस्य और केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मन्त्री श्री जयन्त सिन्हा द्वारा एलएनजेपी आँख अस्पताल के नवनिर्मित चश्मा एवं दवा प्रभाग का उद्घाटन किया गया. इसके पूर्व नभाजाकेन्द्र अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश, सचिव श्री सतीश गिरिजा और अस्पताल के चिकित्सकों–कर्मचारियों ने मन्त्री महोदय और अन्य आगंतुकों का स्वागत किया. मौके पर आयोजित समारोह में अतिथि को शाल–स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया और श्री सतीश गिरिजा ने वर्ष 1971 से शुरू कार्यों की एक संक्षिप्त जानकारी देते हुए मन्त्री जी से आग्रह किया कि आँख अस्पताल हेतु एक ओप्टोमेट्रिक मशीन का सहयोग करें. इन्होंने बताया कि यहाँ 2 लाख 68 हजार से अधिक नेत्र रोगियों का इलाज और मोतियाबिन्द से पीड़ित लगभग 81 हजार लोगों का ऑपरेशन मुफ्त अथवा रियायती दर पर किया गया है. श्री उमाशंकर अकेला (पूर्व विधायक) ने शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य, चेतना जागरण आदि के क्षेत्रों में नभाजाकेन्द्र के योगदान की चर्चा करते हुए जनहित में इसकी सक्रियता का उदाहरण दिया. मन्त्री महोदय ने भी ग्रामीण विकास में नभाजाकेन्द्र के योगदान का, विशेषकर एक गांव में आधुनिक आँख अस्पताल संचालन की सराहना किया और शीघ्र ही उपकरण उपलब्धता का आश्वासन दिया. इन्होंने हजारीबाग में स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन सम्बन्धी अक्षय पात्र योजना और 500 बिस्तरों के अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज स्थापना जैसी परियोजनाओं की जानकारी दिया. केन्द्रीय मन्त्री ने नभाजाकेन्द्र प्रबन्धन से आग्रह किया कि रामगढ़ जिला में भी एक आँख अस्पताल की स्थापना करे और इसके लिए वो सहयोग करेंगे. इस कार्यक्रम में सर्वश्री अमित श्रीवास्तव (बीडीओ, चौपारण), मनीष कुमार (डीएसपी, बरही), राजनाथ आलोक (एसडीओ, बरही) समेत क्षेत्र के अनेक सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्तागण उपस्थित थे.



## Union Minister Visits LokNayak JayPrakash Eye Hospital

27 February, Bahera (Chouparan), Hazaribag: Mr. Jayant Sinha, MP & Union Minister of State for Civil Aviation, has inaugurated newly built Medicine & Specs complex of LNJPEH. Mr. Girija Satish (President, NBJK), Mr. Satish Girija (Secretary, NBJK) and hospital staff welcomed hon. minister and his companions. Mr. Sinha was honoured with a shawl and memento in a function. Mr. Satish Girija presented an overview of the works delivered by NBJK since 1971 and requested the MP to provide an Optometric Machine for LNJPEH. The hospital has served more than 2 lakhs 68 thousand eye patients, restored eye sight of around 81 thousand cataract patients at subsidized rate or free of cost, Mr. Satish Girija mentioned. Mr. Umashankar Akela (Ex-MLA) appreciated NBJK's initiative in the fields of education, livelihood, mass awareness, health care and it's concern for common people. The minister too has shown great respect for the works by NBJK in rural areas, particularly for running a modern eye hospital at a village. He promised to provide the device for LNJPEH and informed about ongoing projects of Akshay Patra for nutritious mid-day meal in schools and a Medical College-cum-Hospital with 500 beds at Hazaribag. He requested NBJK to start another eye hospital at Ramgarh district and offered full support. like Messrs Amit Shrivastava (BDO, Chouparan), Manish Kumar (DSP, Barhi), Rajnath Alok (SDO, Barhi), PRIs members and social-political workers were present in the function.

## नभाजाकेन्द्र/एवीआइ सहभागी मंच की बैठक

**05–13 मार्च, हजारीबाग:** ब्रिटेन की गांधीवादी संस्था एक्शन विलेज इंडिया के सहभागी मंच बैठक का आयोजन नभाजाकेन्द्र में किया गया. भारत में असेफा (कर्नाटक), स्त्री शक्ति (झारखण्ड), क्रूसेड (तमिलनाडु), डीएसी ट्रस्ट (तमिलनाडु), एकता परिषद (ओडिशा) और केरल गाँधी स्मारक निधि (केरल) के साथ नभाजाकेन्द्र इसका एक साझीदार है. इन संस्थाओं की विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं के अलावा नभाजाकेन्द्र के दिव्यांग अधिकारिता कार्यक्रम को एवीआइ का सहयोग मिल रहा है. बैठक में सबों का स्वागत करते हुए श्री गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, नभाजाकेन्द्र) ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, छोटी संस्थाओं को मदद, जनवकालत–नेटवर्किंग–अभिशासन सम्बन्धी कार्यक्रमों के जरिये समावेशी विकास सम्बन्धी प्रयास की जानकारी दिया. इन्होंने कहा कि सरकार या दाता संस्थाओं की योजनाओं/मुद्दों को जनता पर थोपने की बजाय उसकी राय लेने की जरूरत है. हमें एक मजबूत शराब विरोधी कानून, न्यूनतम कर्मकाण्ड, लैंगिक समानता, किसानों हेतु पर्याप्त सिंचाई–समर्थन मूल्य, शिक्षा–स्वास्थ्य क्षेत्रों में निजी भागीदारी हेतु सरल नियमन और अन्य व्यवस्थागत सुधारों की काफी जरूरत है, ऐसा इनका मानना था. बैठक के दौरान अन्य संस्थाओं द्वारा अपने कार्यों की प्रस्तुति के बाद श्री आनन्द अभिनव (कार्य० नि०, नभाजाके) द्वारा भारत में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व, सम्बन्धित कानून और निधि संग्रह पर उपयोगी जानकारी दी गयी. एवीआइ और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नभाजाकेन्द्र और स्त्री शक्ति के कार्यक्रम गांवों का भ्रमण किया. इसी क्रम में एवीआइ के मुख्य कार्यकारी श्री आइवन नटब्राउन का विदाई समारोह आयोजित कर सभी सहयोगी संस्थाओं की ओर से उन्हें शुभकामनाओं के साथ स्मृति चिह्न प्रदान किया गया. अब उनका कार्यभार सुश्री अन्ना ग्रिफिफ्थ्स और सुश्री एस्थेर ट्रीएनेकिन्स संभालेंगी. सहभागी मंच की बैठक में सर्वश्री/श्रीमती स्टेफन लुगो लाबिएज्को, डेविड स्मिथ, बिष्णुप्रिया स्वैन, उमाकान्त महंती, आर. शक्तिवेल, सी. थियागाराजन, वी. तमिलसेल्वी, एंडी रदरफोर्ड, डॉ० आर. टी. पी. रानी, एस. राधिका, ए. वसंथारासन, एस. आर. जोथी रामालिंगम, राकेश आर. एस., कैरलाइन बियेट्टी, लिब्बी ब्लेक, बिमला चन्द्रसेकरण, फिल्मन बाखला और राजीव रंजन सिन्हा शामिल थे.



## NBJK / AVI Partners Forum Meeting

05 – 13 March, Hazaribag: U. K. based Gandhiaite Organization Action Village India has called it's Partners Forum meeting at NBJK, Hazaribag. NBJK is one of it's partners in India with ASSEFA (Karnataka), Stri Shakti (Jharkhand), CRUSADE (Tamilnadu), DAC Trust (Tamilnadu), Ekta Parishad (Odisha) and Kerala Gandhi Samarak Nidhi (Kerala). AVI partners various community dev. projects by these VOs including NBJK for Rights to PwDs program in 5 districts of Jharkhand & Bihar. The meeting began with welcome address by Mr. Girija Satish (President, NBJK) who briefed about NBJK activities towards integrated development with Education, Health, Livelihood, Support to Small NGOs, Advocacy-Networking & Governance. He said that schemes or issues by govt. or funding agencies needs people's views instead of imposing ideas. In India we need a strong anti-liquor law, less rituals, gender equality, irrigation & price support to farmers, simple regulations for non-govt. input to education & health and other systemic reforms, he explained. All the partners have presented about their activities and a special session was led by Mr. Anand Abhinav (Program Director, NBJK) on CSR in India, related law and fundraising. The delegates from AVI and partner organizations have visited many villages to see program activities by NBJK and Stri Shakti. This meeting became important with the farewell ceremony for Mr. Ivan Nutbrown (Co-ordinator, AVI), now replaced by Ms Anna Griffiths and Ms Esther Trienekins from his active role. He was presented a memento by all partner VOs. The people participated in meeting were Messrs Stefan Lugo Labiejko, David Smith, Bishnu Priya Swain, Umakant Mahanty, R Shakthivel, C Thiyagarajan, V Tamilselvi, Andy Rutherford, Dr. R T P Rani, S Radhika, A Vasantharasan, S R Jothi Ramalingam, Rakesh R S, Caroline Beatty, Libby Blake, Bimla Chandrasekaran, Filman Bakhla and Rajiv Ranjan Sinha.

## सहयोग कार्यक्रम में दिव्यांग सुविधा एवं सहायता केन्द्रों की स्थापना

**6 मार्च, राँची:** वीएसओ इंडिया ट्रस्ट, रैंडस्टेट इंडिया, झारखण्ड सरकार और नव भारत जागृति केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत सहयोग कार्यक्रम की शुरुआत हुई है. इसके तहत दिव्यांगजन के जीवन में गुणात्मक बदलाव के उद्देश्य से प्रखण्ड स्तर पर दिव्यांग सुविधा एवं सहायता केन्द्रों की स्थापना की गयी है. राज्य दिव्यांगता आयुक्त कार्यालय में शुरू इसकी राज्य स्तरीय संयोजन इकाई का उद्घाटन करते हुए रा. दि. आयुक्त श्री सतीश चंद्रा ने उम्मीद जतायी कि इस पायलट परियोजना के मार्फत दिव्यांगजन तक जरूरी सेवाएं पहुंचेंगी और वो मुख्य धारा में शामिल होंगे. प्रत्येक दि.सु.स. केन्द्र में दिव्यांगजन हेतु सहायता, समस्या समाधान, मार्गदर्शन/परामर्श सेवाओं की व्यवस्था रहेगी ताकि वो सामाजिक लांछ्नाओं से बचते हुए किसी उपयुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षण से जुड़कर आर्थिक स्वावलम्बन की ओर बढ़ें. यहाँ दिव्यांगों हेतु सरकारी सहायता/योजना/ऋण आदि से सम्बन्धित पूरी जानकारी और प्रक्रियागत सहयोग उपलब्ध रहेंगे. प्रखंड के सरकारी अधिकारियों और दिव्यांग स्वयंसेवकों की मदद से एक सहयोग मित्र द्वारा इसका संचालन किया जाएगा. इनके पास आवश्यक जानकारी/दस्तावेज रहेंगे और दिव्यांग समस्या अवलोकन हेतु ये गांवों का भ्रमण भी करेंगे. अप्रैल'18 तक रांची जिला के 9 प्रखंडों में दि.सु.स. केन्द्र स्थापित हो जाएंगे और आगे इस कार्यक्रम को राज्य के सभी जिलों में लागू होने की संभावना है. फिलहाल रांची जिला के इटकी, नगरी, ओरमांझी, बुढ़मू और मांडर प्रखंडों में इन केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है. विदित हो कि न.भा. जा.केन्द्र द्वारा रांची जिला अंतर्गत 17 प्रखंडों के 1310 गांवों में 487 गांवों का बेसलाइन सर्वेक्षण के दौरान 22 मार्च तक 5866 दिव्यांगों की पहचान हुई है.



## SAHYOG As Enabling Units for PwDs

06 March, Ranchi: VSO India Trust, Randstat India, Govt. of Jharkhand and NBJK have launched SAHYOG, the project on Enabling Units for PwDs in Ranchi district. These units are called Divyang Suvidha & Sahayta Kendra and aim to empower PwDs. It initiated with opening of a coordination unit at State Disability Commissioner's office and Mr. Satish Chandra (Disab. Commissioner, Jharkhand) described this as a step towards mainstreaming PwDs with required services within access. This is a pilot project and soon we may start this in all districts of Jharkhand, he said. DSSKs will serve as resource centres for assistance, advice and issue resolution for PwDs. Also they will provide guidance & counselling to overcome stigma placed upon them in local society. These Enabling Units will link them with vocational & educational training as well as employment opportunities. The Kendras will help PwDs to access and apply for available govt. funding, schemes including business mentoring, loans and promotional support for their self-employment. DSSKs will be functional in 9 blocks of Ranchi district by April. There will be one community facilitator at each centre to run the affairs with support of block officials & PwDs volunteers. They will be equipped with all relevant informations / documents, will visit PwDs in villages and attend them at office. In Itki, Nagri, Ormanjhi, Budhmu and Mandar blocks, these Kendras got started. Recently NBJK has conducted a baseline survey in 487 villages out of 1310 villages across 17 blocks in Ranchi district and identified 5866 PwDs till 22 March 2018.

## बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ पर कार्यशाला

**08 मार्च, हजारीबाग:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्रीय एवं राज्य समाज कल्याण बोर्ड के सहयोग से नभाजाके संचालित परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा अमृतनगर उच्च विद्यालय में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला की अध्यक्षा श्रीमती शीला कुमारी (सचिव, स्त्री शक्ति, हजारीबाग), मुख्य अतिथि डॉ० किरण राणा (एसोसिएट व्याख्याता, अर्थशास्त्र, विभाविवि) और विशिष्ट अतिथि श्रीमती वीणा कुमारी (सीडीपीओ, सदर) थीं. विषय प्रवेश के क्रम में परामर्शदात्री श्रीमती मीरा गुप्ता ने कन्या भ्रूण हत्या, बलात्कार, अत्याचार एवं महिलाओं की घटती जनसंख्या पर चिन्ता जाहिर किया. इन्होंने प्रधानमन्त्री द्वारा शुरू इस अभियान को देश के हर नागरिक की जिम्मेवारी बताया. महिला थाना प्रभारी श्रीमती एमेलटीना एक्का ने बच्चियों को शिक्षित, जागरूक और सक्षम बनने की प्रेरणा दिया. छात्रा अनु और कोमल ने महिलाओं की घटती जनसंख्या एवं शिक्षा में कमी जैसी स्थिति को बदलने पर जोर दिया. सीडीपीओ वीणा कुमारी ने किशोरियों के सशक्तिकरण हेतु लाड़ली, सुकन्या और मुख्यमंत्री कन्यादान योजनाओं के अलावा बाल विवाह निषेध और आर्थिक आत्मनिर्भरता की चर्चा किया. अ.म.चे.स. की सचिव उषा बहन ने महिलाओं की तरक्की और सही स्वतन्त्रता को समय की जरूरत माना. किरण राणा ने शिक्षा की जरुरत बताते हुए कहा कि महिलाएं घर के साथ बाहर का दायित्व बखूबी निभाना जानती हैं. अध्यक्षीय संबोधन में शीला कुमारी ने बच्चियों और महिलाओं से आगे बढ़ने, शिक्षित होने की अपील करते हुए इन पर होने वाले अत्याचारों पर अंकुश लगाने की बात कही.



## Workshop on *Save Girl Child, Educate a Girl Child*

08 March, Hazaribag: On occasion of International Women's Day, a workshop was organized on *Save Girl Child, Educate a Girl Child* by Family Counselling Centre (FCC) at Amrit Nagar High School. The FCC is being run by NBJK with support of Central & State Social Welfare Boards and intervenes for reconciliation in family or marital disputes to safeguard women & children. Mrs. Sheela Kumari (Secretary, Stri Shakti) chaired the program while Dr. (Mrs.) Kiran Rana (Associate Lecturer in Deptt. of Economics, VBU) and Mrs. Veena Kumari (CDPO, Sadar, Hazaribag) were chief guest and guest of honour respectively. As introduction, Mrs. Meera Gupta (Counsellor, FCC) expressed concern over issues like female foeticide, rape, atrocity and imbalanced birth ratio for women. She applauded the campaign and called this as a duty for all. Mrs. Emeltina Ekka (In-Charge, Women's Police Station, Hazaribag) expected from family system to favour daughters, educate them, make them aware and self-reliant. Ms Anu and Ms Komal (students) stressed upon change for declining population of girl children and their poor educational status. Mrs. Veena Kumari mentioned about benefits of *Laadli, Sukanya, Mukhyamantri Kanyadan* schemes by the govt. and appealed all to refuse child marriage. Our time asks us about real progress, genuine freedom and rights to be realized, Mrs. Usha Bahen (AMCS, Hazaribag) opined. Dr. Kiran Rana appealed girls to get educated and praised women to make a balance between home and career. From the chair, Mrs. Sheela Kumari appreciated all the views came forward and insisted for control over anti-women crimes.

## लोक समिति द्वारा भारत में मद्य निषेध कानून की मांग

**18–19 मार्च, दिल्ली:** गाँधी दर्शन, राज घाट के टैगोर हॉल में राष्ट्रीय लोक समिति ने दो दिवसीय शराब विरोधी सम्मेलन आयोजित किया था. इसमें लोक समिति की राज्य इकाइयों और अन्य गाँधीवादी संगठनों की ओर से 100 से अधिक प्रतिनिधियों की शिरकत रही. कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गिरिजा सतीश (राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोक समिति) ने किया और मंच संचालन का दायित्व रा. संयोजक श्री कौशल गणेश आजाद पर था. इस अवसर पर श्री गिरिजा सतीश ने शराब कें खिलाफ महात्मा गाँधी को उद्धरित करते हुए देश में शराब के खिलाफ कठोर कानून की मांग किया. इन्होंने कहा कि 85% महिला विरोधी अपराधों और 70% सड़क दुर्घटनाओं के पीछे शराब का हाथ है. श्री गिरिजा सतीश ने बिहार में शराब विरोधी अभियान का हवाला दिया, जहाँ राज्य सरकार ने इसे गैरकानूनी घोषित कर सामाजिक–आर्थिक बदलाव सुनिश्चित किया है. केन्द्रीय सरकार को इससे सीख लेकर पूरे भारत को शराब मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, ऐसा इनका विचार था. श्री अशोक शरण (संयोजक, सर्वोदय मंडल) ने युवा पीढ़ी के हित में शराब पर रोक को जरूरी बताया. श्री संजय सिंह (सचिव, के. गाँधी स्मा. नि.) ने शराब से राजस्व प्राप्ति की आलोचना करते हुए जन जागरूकता पर बल दिया. श्री ए. के. मांझी (अधिवक्ता, स. न्या.) ने शराब विरोधी केन्द्रीय कानून बनाए जाने का समर्थन करते हुए लोक शिक्षा को भी जरूरी माना. श्री विजय कुमार (अध्यक्ष, बिप्र लोस) ने ना सिर्फ शराब बल्कि सभी प्रकार व्यसनों का विरोध किया. श्री एन. डी. पंचोली (अधिवक्ता, स. न्या.) ने शराब निषेध के साथ मजदूर वर्ग के अन्य अधिकारों को भी अहम माना. सम्मेलन में शामिल श्रीमती सलोनी हेम्ब्रम (महामन्त्री, झाप्रलोस), सर्वश्री अगम लायक (ओड़िशा), जगदीश (गाँधी स्मारक निधि), विद्याभूषण सिंह (पूर्व विधायक), चन्द्रभूषण (मन्त्री, रालोस), विनोद रंजन (बि. गाँधी स्मा. नि.), देवेन्द्र भारती (महासचिव, दिल्ली लोस) के साथ सबों ने सर्वसम्मति से भारत को शराब मुक्त बनाए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का समर्थन किया.



## Lok Samiti Demands Liquor Prohibition Act in India

18 – 19 March, Delhi: National Lok Samiti called 2 days Anti-Liquor Convention in Tagore Hall of Gandhi Darshan at Raj Ghat, New Delhi. The convention was participated by more than hundred delegates from state units of Lok Samiti and other Gandhiaite organizations. The program was chaired by Mr. Girija Satish, President, National LS and anchored by Mr. K. G. Azad, National Coordinator, LS. On this occassion, Mr. Ashok Sharan (Coordinator, Sarvoday Mandal) said about the need of a complete ban over liquor across India to save young generation and Mr. Sajjan Kumar (Secy. Delhi LS) honored the National President with a shawl. Mr. Girija Satish opined that India must frame a strong law to curb liquor and quoted Mahatma Gandhi's views over this vice. He said that 85% of anti-women crimes and 70% of road accidents in India are caused by liquor only. Mr. Girija mentioned about advocacy campaign in Bihar where state govt. made it illegal and ensured for a socio-economic transformation. Our central govt. should follow the example, National President urged. Mr. Sanjay Singh (Secy. KGSN) slammed the greed of revenue by liquor. Mr. A. K. Manjhi (Advocate, SC) supported the idea to make an anti-liquor law. Mr. Vijay Kumar (President, Bihar LS) opposed liquor with all types of addiction. Mr. N. D. Pancholi (Advocate, SC) raised the issue of labourers' rights. The program was graced by Messrs Agam Layak (Odisha), Jagdish (GSN), Saloni Hembram (Gen. Secy. Jharkhand LS), Vidyabhushan Singh (Ex-MLA), Chandra Bhushan (Secy. National LS), Vinod Ranjan (Mantri, BGSN), Devendra Bharti (Gen. Secy. Delhi LS) and many others who supported the resolution to Prohibit Liquor in India.

## बाल सुरक्षा मुद्दों पर जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला

**28 फरवरी, अमृतनगर:** नभाजाके द्वारा प्लान इंटरनेशनल के सहयोग से चुरचू प्रखंड में संचालित बा.के.सा.वि. कार्यक्रम अंतर्गत बाल सुरक्षा मुद्दों पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. संसाधन व्यक्ति श्री त्रिभुवन शर्मा ने बाल अधिकारों और असुरक्षित बच्चों की चर्चा करते हुए कहा कि मीडिया के सहयोग से उनके बचाव–पुनर्वास में काफी मदद मिल सकती है. इन्होंने सम्बन्धित कानूनों के आलोक में मीडिया द्वारा संवाद, निजता, सूचना, प्रतिवेदन और नैतिकता जैसे बिन्दुओं पर सहयोग की अपील किया. जि.बा.क.स. अध्यक्ष श्री एस० पी० सिंह ने पिछले दिनों एक स्थानीय कॉलेज में ऑनर किलिंग घटना गवाह को परीक्षा में शामिल नहीं किये जाने को गलत बताया. जि.बा.सं. पदा. श्री संजय प्रसाद ने कहा कि विशेष जुवेनाइल पुलिस यूनिट, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड और बाल कल्याण समिति की त्रिस्तरीय व्यवस्था से बाल सुरक्षा को मजबूती मिली है. कार्यशाला में सर्वश्री मुरारी सिंह (दैनिक भास्कर), अरविन्द राणा, रमण कुमार (दैनिक जागरण), मो० आरिफ, उमाकान्त शर्मा (प्रभात खबर), शाद्वल कुमार (देशप्राण), कृष्णा गुप्ता, अशोक राम, अजय पांडे (दैनिक आज), बबलू कुमार (सन्मार्ग), कौशल ओझा, नीलकंठ (हिन्दुस्तान) शामिल थे और इन्होंने बालमित्रवत पत्रकारिता के सन्दर्भ में अपने विचारों को व्यक्त किया. इस अवसर पर नभाजाके अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश ने कहा कि बच्चों के हित में अनेक कानून बने हैं लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी है, जिसे मीडिया की सहायता से दूर किया जा सकता है. इन्होंने बाल सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियों के पास अधिकारों और संसाधनों के अभाव पर चिंता जतायी और कहा कि बच्चों के पुनर्वास का दायित्व सरकार पर है. कार्यशाला में सर्वश्री रंजन कुमार (प.प्र.), भैया अंशुमान (स.प.अ.) और परमेश्वर राणा (क्षे.प.) की प्रमुख भूमिका थी.



## District Level Workshop on Child Protection Issues

28 February 2018, Amrit Nagar: A workshop with media persons upon Child Protection issues was held at NBJK under the program of CCCD with support of Plan International. Mr. Tribhuwan Sharma, the resource person has discussed about child rights, vulnerable children and need of their safety/rehabiltation. He appealed media persons to consider norms for communication, privacy and ethical reporting towards a child friendly society. Mr. S. P. Singh (Chairperson, DCWC) referred a case when witness student was not allowed to appear in examination without any valid reason and this shouldn't be happened, he said. Mr. Sanjay Prasad (DCPO) informed that special juvenile police unit, juvenile justice board and CWC provide safety measures for children within a system. The workshop was participated by Messrs Murari Singh (Dainik Bhaskar), Arvind Rana, Raman Kumar (Dainik Jagran), Md. Arif, Umakant Sharma (Prabhat Khabar), Shadwal Kumar (Deshpran), Krishna Gupta, Ashok Ram, Ajay Pandey (Dainik Aj), Bablu Kumar (Sanmarg), Kaushal Ojha, Neelkanth (Hindustan) and they shared their experiences towards child friendly jouranalism. Mr. Girija Satish (President, NBJK) shown distress upon children's security and lack of people's awareness regarding different child friendly laws. Our media can bridge the gap and the Govt. should empower it's agencies in terms of resources and powers, he pointed out. The team of Messrs Ranjan Kumar (PM, CCCD), Bhaiya Anshuman (Asst. PO), and Parmeshwar Rana (Field Worker) organized the event.

## जगी है बदलाव की चाहत

रमलडीह, देवघर प्रखंड के अन्धरीगादर पंचायत में उन 5 गांवों में से एक है, जहाँ नभाजाकेन्द्र ने एसबीआइ फाउंडेशन की मदद से ***एसबीआइ ग्राम सेवा*** कार्यक्रम शुरू किया है. यहाँ 68 परिवार रहते हैं लेकिन बच्चों की शिक्षा पर कुछ खास ध्यान नहीं दिया जाता था. विद्यालय का पाठ्यक्रम शिक्षकों के अभाव में अधूरा रह जाया करता था. गांव में अतिरिक्त कक्षाओं या कोचिंग की कोई सुविधा नहीं थी. इसके लिए लगभग 15 कि.मी. दूर देवघर शहर जाना पड़ता था. जिसकी वजह से गरीब परिवार के बच्चे, विशेषकर लड़कियों के लिए अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाने की मजबूरी थी. एसबीआइ ग्राम सेवा कार्यक्रम के तहत इनके लिए 01 दिसम्बर 2017 से रीमिडिअल कोचिंग केन्द्र खोला गया है. ग्रामीणों और ग्राम सलाहकार समिति की सहायता से खोजे गए एक शिक्षक यहाँ कक्षा 7–10 के बच्चों को विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान पढ़ाते हैं. ग्रामीणों के अनुरोध पर कक्षा 5 और 6 के बच्चों को भी यहाँ पढ़ाया जाने लगा है. इस केन्द्र में विद्यालय समय के बाद उक्त विषयों की अतिरिक्त कक्षाएं लगती हैं और बच्चों को अच्छी–बुरी आदतों में अंतर करना भी बतलाया जाता है. अभी यहाँ 26 बच्चे पढ़ते हैं. कोचिंग केन्द्र में शिक्षण सामग्री के मद में सभी विद्यार्थी 10 रु० मासिक का योगदान करते हैं. शिक्षक–अभिभावक बैठक और मासिक परीक्षा जैसी गतिविधियों से यहाँ शिक्षा का माहौल बना है. हरेक छात्र–छात्रा के लिए व्यक्तिगत मूल्यांकन प्रक्रिया भी शीघ्र अपनाई जाएगी. रमलडीह, गादी और सहरी गांवों में स्वमदद समूहों की महिलाएं पापड़ और मशरूम उत्पादन से जुड़ना चाह रही हैं. इस कार्य के लिए इन्हें नेहरू युवा केन्द्र से जोड़ा गया है और 17 महिलाओं ने सम्बन्धित प्रशिक्षण भी लिया है. एसबीआइ–ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की मदद से ग्रामीणों को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से आजीविका से जोड़ने का प्रयास भी जारी है और जल्द ही चिह्नित लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.



## An Urge for Change in Villages

Ramaldih is one among 5 target villages of *SBI Gram Sewa* program by NBJK in Andhrigadar panchayat of Deoghar Sadar block under Deoghar district of Jharkhand. The program is being executed with support of SBI Foundation, Mumbai. There are 68 HHs in Ramaldih and children's education was in poor state before program intervention. School course was incomplete due to lack of teachers. There was no facility for additional classes or extra coaching in the village. This made many poor students deprived of quality schooling as most of the private coaching centers are costly and available at Deoghar town, about 15 km far from the village. SBI Gram Sewa has started a Remedial Coaching Center here from 1st December 2017. A private teacher was identified with help and consent of PRI members from the village. The RCC provides extra classes of Maths, Science and English with GK for students of Std. V – X. Also this encourages them to differentiate between good and bad habits and to adopt the good ones. There are 26 students enrolled at RCC. They contribute Rs. 10 per head monthly for class maintenance and teaching materials. The RCC conducts classes for 4 hours daily after school hours. The activities like parents – teacher meeting and monthly examinations for students have improved the center and a monthly individual assessment process will be introduced here shortly. In Ramaldih, Gadi and Sahari villages, SHG women are being facilitated for Paapad making and Mushroom cultivation with help of NYK. Required training with marketing inputs was provided to 17 women of these villages. SBI RSETI supports to mobilize the community for livelihood oriented skill training.

परिकल्पना : **श्री गिरिजा सतीश**
प्रस्तुति : **विनय भट्ट**
**नव भारत जागृति केन्द्र,** संयोजन कार्यालय
ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड)
द्वारा निजी एवं सीमित वितरण हेतु प्रकाशित।
दूरभाषः +91 8809672146, +91 9835751159
ई मेलः nbjkco@gmail.com; vinaynbjk@gmail.com